# खैरथल में रविवार को भी बाजार बंद, आज चुना जाएगा सभापति

**अलवर( निसं )।** खैरथल में सभापति चुनाव को लेकर सियासी खींचतान में रविवार को बाजार बंद रहे। चालीस फीट रोड समेत कई बाजारों में दुकानों के शटर नहीं खुले। कृषि उपज मंडी बंद है। पार्षदों से जुड़े विवाद, पुलिस कार्रवाई और राजनीतिक खेमेबंदी के बीच 21 सितंबर के चुनाव पर नजरें टिकी हैं।



**खैरथल में सभापति चुनाव को लेकर सियासी खींचतान में रविवार को बाजार बंद रहे।**

■ **खैरथल नगर परिषद में सभापति की कुर्सी को लेकर चल रही सियासी खींचतान का असर कारोबार पर दिखाई दे रहा है**

खैरथल नगर परिषद में सभापति की कुर्सी को लेकर चल रही सियासी खींचतान का असर कारोबार पर दिखाई दे रहा है। रविवार को भी चालीस फुटा रोड सहित कई मार्केट बंद रहे। बाजारों में सन्नाटा रहा। नगर परिषद की 45 सीटों के चुनाव परिणाम 14 सितंबर को घोषित हुए थे। इनमें कांग्रेस ने 20, भाजपा ने 8 और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 17 सीटों पर जीत दर्ज की। सभापति चुनने के लिए 23 पार्षदों के समर्थन की जरूरत है। ऐसे में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। परिणाम के बाद कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे विक्रम सिंह चौधरी के भाजपा में शामिल होने और उनके साथ कुछ पार्षदों के पाला बदलने से चुनावी समीकरण बदले हैं। विक्रम सिंह चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में सभापति पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। दूसरी ओर कांग्रेस ने ओमप्रकाश रोघा को अपना प्रत्याशी बनाया है। रोघा चुनाव में हारे उम्मीदवार हैं और कांग्रेस ने उन्हें हाइब्रिड फार्मूले के तहत मैदान में उतारा है। दोनों खेमों के बीच मुकाबले में निर्दलीय पार्षदों पर निगाहें

सभापति चुनाव से पहले पार्षदों के कथित अपहरण को लेकर शिकायतों और एफआईआर की जानकारी ने विवाद बढ़ा दिया है। वार्ड 3 से निर्वाचित कांग्रेस पार्षद रामधन के मामले में परिजनों की ओर से ओमप्रकाश रोघा सहित अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की बात सामने आई है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। वार्ड 20 में भी एक पार्षद को जबरन वाहन में ले जाने के आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस कार्रवाई और व्यापारियों के नाम सामने आने के विरोध में व्यापारिक संगठनों में नाराजगी है। शनिवार को अनाज मंडी, सब्जी मंडी, किराना यूनियन, रेडीमेड गारमेंट्स, बर्तन यूनियन, चूड़ी मार्केट, तिरंगा मार्केट और चालीस फुटा रोड सहित बाजार बंद रहे। कृषि उपज मंडी के व्यापारियों ने बैठक कर 19 से 21 सितंबर तक मंडी बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापारियों का कहना है कि चुनावी विवाद के बीच उन पर दबाव या अनावश्यक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। उनका आरोप है कि राजनीतिक खींचतान में व्यापारियों को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जा रहा है। अब सभी की नजरें 21 सितंबर को होने वाले सभापति चुनाव पर हैं। चुनाव के नतीजे से तय होगा कि 45 सदस्यीय परिषद की कमान किसके हाथ जाती है। बाजार बंद और राजनीतिक गतिविधियों ने खैरथल में चुनावी माहौल को चर्चा में ला दिया है।

# इंतजार की घड़िया समाप्त आज बनेगा अलवर नगर निगम महापौर

■ **भाजपा बोर्ड बनाने के प्रति आश्वस्त, लेकिन क्रोस वोटिंग से बदल सकते है समीकरण, निर्दलीय बनेगें किंग मेकर**

**अलवर**(निसं)। इन्तजार की घडियां अब समाप्त होने वाली है कल नगर निगम महापौर का चेहरा जनता के सामने आ जाएगा वहीं दोनो ही पार्टियों के सारे समीकरण भी उनके सामने होगे। अब पता चलेगा कि आठ दिन की बाडेबंदी से निकल कर किस पार्षद का वोट किसे मिलेगा। भाजपा ने आज चालीस पार्षदों के साथ एक फोटो जारी कर बता दिया कि बोर्ड उसी का बनेगा। लेकिन यहां किंग मेकर निर्दलीय पार्षद बनेगे साथ ही जो पार्टी ज्यादा उपहार से नवाजते हुए पार्षद से अपने पक्ष मे वोट करवाएगी महापौर उसी का बनेगा क्योंकि पहले में यहां क्रोस बोटिंग हो चुकी है और भाजपा के हाथों से कांग्रेस ने कुर्सी छीन ली। इस बार भी हो सकता है इसी प्रकार का गणित बनने की कांग्रेस को सम्भावना है लेकिन इस बार भाजपा सत्ता में होने के कारण क्रोस वोटिंग की सम्भावना कम ही लग रही है लेकिन साहब यह हिन्दुस्तान है यहां एक कहावत आपने ट्को के पीछे लिखी जरूर पढी होगी कि सौ मे से नब्बे बेईमान फिर भी मेरा भारत महान।

अलवर नगर निगम मेयर के चुनाव की वोटिंग से पहले शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे बीजेपी ने एक फोटो जारी की, जिसमें 40 पार्षद होने का दावा किया गया है। फोटो के जरिए 28 पार्टी और 12 निर्दलीय पार्षद बताए हैं। कांग्रेस की बाड़ेबंदी से ऐसा कोई फोटो सामने नहीं आया है, जिसमें उन्होंने अलवर नगर निगम का मेयर बनाने का दावा करते हुए पार्षद दिखाए। वैसे मौखिक तौर पर कांग्रेस के नेता बराबर खुद का मेयर बनाने की बात दोहरा रहे हैं, जिससे लगता है अब कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग की उम्मीद है। ऐसा 2019 के नगर परिषद अलवर के चेयरमैन के चुनाव में हो चुका है। लेकिन इस बार बीजेपी की सरकार में क्रॉस वोटिंग होना आसान नहीं है। अलवर नगर निगम की पहली मेयर की कुर्सी के लिए वोटिंग सोमवार सुबह 10 बजे से 2 बजे के बीच में होगी। वोटिंग के कुछ देर बाद ही परिणाम सामने आ जाएगा। बीजेपी से वार्ड 7 की पार्षद सुमनलता अग्रवाल और कांग्रेस से वार्ड 39 की पार्षद कमलेश शर्मा के बीच सीधा मुकाबला है। बीजेपी के 65 में से 28 पार्षद जीते हैं वहीं कांग्रेस के 23 जीते हैं। 13 निर्दलीय में से 12 बीजेपी के पास होने का दावा किया गया है। असल में 2019 के नगर परिषद सभापति के चुनाव में कांग्रेस के 19 पार्षद जीते थे। इस बार 23 जीते हैं। पहले 19 निर्दलीय जीते थे। इस बार 13 ही निर्दलीय जीते हैं। नगर निगम चुनाव में 65 नवनिर्वाचित पार्षद अलग-अलग बाड़ेबंदी में हैं। बीजेपी के पार्षद अलवर से करीब 700 किलोमीटर दूर चले गए थे। लेकिन अब वहां से निकल गए हैं। रविवार की रात बीजेपी के पार्षद गुरुग्राम के आसपास रुकेंगे। 21 सितंबर को सीधे वोट करने अलवर नगर निगम कार्यालय आएंगे। कांग्रेस के 23 पार्षद अलवर से करीब 100 किलोमीटर दूर जयपुर के आसपास रिसोर्ट में हैं। वे 21 सितंबर को सीधे जयपुर से अलवर आएंगे।

## सार-समाचार

### विशेष अभियान के तहत विभिन्न प्रकरणो में दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब, जुआ सट्टा व साइबर अपराध की रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी पीपलू विनोद कुमार एवं पीपलू थानाधिकारी शिवचरण के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा जुआं सट्टाबाजी प्रकरण में कार्यवाही करते हुए 19 सितम्बर को दौराने गश्त पीपलू क्षेत्र के ग्राम बनवाडा से भूरावाली जाने वाली रोड के किनारे भेरूजी मंदिर की आड में सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते हुए आरोपी सीताराम कुम्हार व सलमान खान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ राशि 440 रूपये जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आरपीजीओ एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। वही अन्य टीम ने साइबर अपराध में कार्यवाही करते हुए संदिग्ध बैंक खाता धारक महेश पुत्र रामअवतार जाट उम्र 19 वर्ष निवासी संदेडा फार्म थाना पीपलू को प्रकरण में संलिप्त पाये जाने के बाद डिटेन कर पूछताछ के बाद ऑनलाईन गैमिंग व ऑनलाईन शापिंग पोर्टल के माध्यम से साईबर फ्राड करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया गया है। जिसके खिलाफ साइबर प्रकरण में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### अवधूत दत्तआश्रम में रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्तदान



**राजगढ़** (निसं)। राजगढ़ अवधूत दत्त आश्रम के महंत स्वामी श्याम भारती की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का रविवार को आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्तदान हुआ। अवधूत दत्ता आश्रम के महंत अमन भारती महाराज ने बताया कि रक्तदान शिविर में सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आश्रम से जुड़े, सेवाभावी एवं सामाजिक सरोकार रखने वाले युवाओं, एवं अन्य लोगों ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। आश्रम की ओर से महेंद्र स्वामी अमन भारती महाराज ने सभी रक्त वीरों का प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के खेम सिंह आर्य, एस खंडेलवाल, विश्वास मित्तल, किशन मुखीजा एवं भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### एसआई परीक्षा में 77 प्रतिशत से ज्यादा ने भाग्य अजमाया

**टोंक** (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से उप-निरीक्षक, प्लाटून कमांडर संयुक्त प्रतियोगी (गृह विभाग) की परीक्षा रविवार को जिला मुख्यालय के 16 परीक्षा केंद्रों पर शांतपूर्ण सम्पन्न हो गई। इसमें 77 प्रतिशत से ज्यादा ने भाग्य आजमाया। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए निर्धारित समय से एक घंटे पहले पहुंचने की बाध्यता के चलते कुछ अभ्यर्थी महज 3 से 5 मिनट देरी से पहुंचे। ऐसे में उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया और निराश होकर वापस लौटना पड़ा। अति.जिला कलेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि जिले में बनाए गए 16 परीक्षा केंद्रों में 4 सरकारी और 12 निजी केंद्र हैं। दोनों पारियों के लिए अलग-अलग 5-5 उपसमन्वयक, 28-28 पर्यवेक्षक और 3-3 सतर्कता दल लगाए गए हैं। प्रत्येक पारी में 748 वीक्षक परीक्षा व्यवस्था संभालेंगे। परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष भी निर्धारित किया गया है। कड़ी चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। एक अभ्यर्थी हाथ में धागा बांधकर पहुंचा, जिसे टीम ने काट कर बाद में प्रवेश कराया।

### राजस्थान शिक्षक कांग्रेस का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

**शाहपुरा** (निसं)। राजस्थान शिक्षक कांग्रेस का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन सीकर के अजीतगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल सैनी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय बी एल सैनी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके की गई। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दीपेश सैनी ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और शिक्षकों के अधिकारों व हितों की रक्षा करने पर विशेष जोर दिया। जिला अध्यक्ष श्री फूल सिंह यादव ने शिक्षकों को गैर-शैक्षिणक कार्यों (बीएलओ ड्यूटी, सर्वे आदि) से मुक्त करने, तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण (तबादले) और लंबे समय से अटकी पदोन्नित (प्रमोशन) जैसे गंभीर मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया। जिला मंत्री श्री महेंद्र कुमार सैनी ने विभिन्न ब्लॉकों से आए सभी शिक्षक साथियों का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि सदन में आए सभी प्रस्तावों को प्रदेश कार्यकारिणी के माध्यम से सरकार के सामने मजबूती से रखा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री बृजलाल सैनी ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों और शिक्षकों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर उन्हें जल्द से जल्द हल करवाने का आश्वासन दिया। अधिवेशन आदर्श आचार संहिता की अनुपालन करते हुए संपादित किया गया।

### मोहनलाल अग्रवाल अध्यक्ष बने

**निवाई** (निसं)। स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज की बैठक आयोजित हुई। कार्यकारणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मोहनलाल अग्रवाल को मनोनीत किया गया। कार्यकारणी में संरक्षक कैलाश अग्रवाल व सत्यनारायण शेखाटिया, उपध्यक्ष रामू अग्रवाल राजू अग्रवाल, मंत्री सुनिता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी के पद पर भागचन्द शेखटिया को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार अग्रसेन जयंति महोत्सव को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें मोहित अग्रवाल, महावीर इटावा, गणेश अग्रवाल, संदीप गोयल, राहुल, रवि अग्रवाल, संतोष मोदी, दिनेश अग्रवाल, नवरत्न अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल व अजय अग्रवाल को शामिल किया गया।

# चौमूं में 7 राजकीय विद्यालयों के मरम्मत हेतु 1.07 करोड़ की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री का रामलाल शर्मा ने जताया आभार

**चौमूं / कालाडेरा( निसं )।** चौमूं विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षिणक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बजट वर्ष 2026-27 की अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा चौमूं विधानसभा क्षेत्र के 7 राजकीय (माध्यमिक/उच्च माध्यमिक) विद्यालयों में मरम्मत कार्यों हेतु 1.07 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षामंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि इस स्वीकृति से विद्यालयों के भवनों की स्थिति सुधरेगी, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित व सुविधाजनक वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। विधानसभा क्षेत्र चौमूं में ग्राम पंचायत हाड़ौता में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, सेरावतों की ढाणी के लिए 15.00 लाख, चौमूं में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेलवे स्टेशन चौमूं के लिए 20.00 लाख, ग्राम समरपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, समरपुरा के लिए 12.00 लाख, टांकरडा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए 15.00 लाख, सिंगोद खुर्द में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिंगोद खुर्द के लिए 15.00 लाख, ग्राम रणजीतपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रणजीतपुरा के लिए 15.00 लाख, लोहरवाड़ा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लोहरवाड़ा के लिए 15.00 लाख की स्वीकृति मिली है। रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए संकल्पबद्ध है। चौमूं के इन 7 विद्यालयों के कायाकल्प से हजारों छात्र-छात्राओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। चौमूं के सर्वांगीण विकास के लिए विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी।

# गणेश भगवान की प्रतिमा का विर्सजन किया

**अलवर**(निसं)। हर वर्ष की भांति इस बार भी अलवर में गणेश विर्सजन की धूम होने लगी है। श्री गणेश भगवान के श्रद्धालु निश्चित समय अवधि अपनी सुविधा अनुसार अब उनका विर्सजन करने लगे है। रविवार को शहर के लादिया मौहल्ले से श्री गणेश भगवान की पालकी विर्सजन के लिए निकाली गई इस पालकी के आगे मौहल्ले वासी पुरूष और महिलाएं नाचते गाते चल रह थे। यहां यह गणेश विर्सजन की परंपरा पिछले कई सालों से हेमन्त व रवि जादौन और उनके परिवार की तरफ से निकाली जाती है यह प्रोग्राम सात से 11 दिन तक चलता है। इस दौरान पूरा क्षेत्र गणेश भगवान की भक्ति में लीन रहता है। यह झाकी प्रमुख क्षेत्रो से होती हुई ऐतिहासिक तालाब सागर पर पहुंची जहां बडी श्रद्वा के साथ मूर्ति का विर्सजन किया गया।

# शहर में आवारा सांडों, बंदरों, श्वानों से लोग परेशान

■ **कलेक्टर व् नगर निगम आयुक्त से राहत दिलाने की मांग**

**भरतपुर ( निसं )।** शहर में विचरण कर लोगों का जीना दुश्वार कर रहे आवारा सांडो और बंदरों सहित आवारा कुत्तों (स्वानो) को पकड़वाने की मांग लोहागढ़ उत्थान मोर्चा ने जिला कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त से की है। मोर्चा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार वशिष्ठ ने बताया कि भरतपुर में आवारा सांडों , बंदरों के अलावा कुत्तों (स्वानो) का प्रकोप बहुत अधिक बढ़ गया है द्यबाजारों,मोहल्लों, कॉलोनियों सहित सार्वजनिक स्थानों पर सैंकड़ों की सख्या में सांडो,बंदरों, स्वानो का हुजूम लगा रहता है द्य आये दिन शहर में विचरण कर रहे यह पशु किसी न किसी को अपनी चपेट में लेकर घायल कर देते है द्य इनकी चपेट में आकर शहर के कई लोग अपाहिज तक हो गए है और कईयों की तो जान तक चली गई है द्य इनके आतंक से शहर के लोग भयभीत रहते हैं। आये दिन स्वान बच्चों को अपना शिकार बना रहे हैं। तो वहीं बंदरों की धमाचौकड़ी से शहरवासी परेशान हैं। एसटीसी हाउसिंग बोर्ड, रंजीत नगर, जवाहर नगर, नदिया मोहल्ला, गोपालगढ़, कृष्णा नगर, राजेन्द्र नगर सहित शहर के अन्य इलाकों में बंदरों का कब्जा है। यह कभी भी किसी भी मकान में घुस जाते है । सामान का नुकसान तो करते ही हैं। लोगों पर अटैक भी कर उन्हें घायल कर देते है । इसी तरह का हाल आवारा गोवंश का है जो राह चलते लोगों को अपनी चपेट में लेकर अपाहिज कर रहे है और अब तक कई लोग इनकी चपेट में आकर जान तक दे चुके हैं। एसटीसी कॉलोनी में कई ऐसे सांड हैं, जिन्होंने कई लोगों को अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया, साथ ही बंदरो की धमाचौकड़ी से लोग आहत है। इन्हें देख कॉलोनी में सन्नाटा सा हो जाता है और लोग इनसे बचने के लिये छिप जाते है, उन्होंने आग्रह किया है कि सांड,बंदर व स्वानो के आतंक से आमजन को राहत दिलाई जाए ताकि आमजन स्वच्छंद रूप से अपना जीवन निर्वहन कर सके।

# पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका का चेयरमैन आज होगा तय

## चुनावी मैदान में दो दावेदार आमने-सामने, नगरपालिका बोर्ड की कमान किसके हाथ?

■ **आज होगा फैसला, 22 कांग्रेस, 16 भाजपा और 7 निर्दलीय पार्षदों की भूमिका अहम**

**पावटा**(निसं)। पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका के चेयरमैन पद के लिए आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में चुनाव होगा। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मैदान में किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया, जिसके चलते अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मुकाबला अब सीधे मतदान तक पहुंच गया है।

पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के 45 वार्डों के परिणाम में कांग्रेस के 22, भाजपा के 16 और 7 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं।

वहीं, तीन निर्दलीय पार्षदों द्वारा कांग्रेस के पक्ष में सहमति पत्र दिए जाने के बाद अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक समीकरण और भी महत्वपूर्ण हो गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से मंजू अग्रवाल पत्नी गोपाल अग्रवाल मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस से मीना देवी पत्नी अजय सैनी चुनाव लड़ रही हैं।

दोनों प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। आज होने वाले मतदान में पार्षद अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और इसके बाद मतगणना के साथ ही पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका की नई कमान किसके हाथ होगी, यह स्पष्ट हो जाएगा। बहुमत के आंकड़े और दोनों प्रमुख दलों के पार्षदों की संख्या के बीच निर्दलीय पार्षदों की भूमिका अहम मानी जा रही है। ऐसे में आज होने वाला मतदान नगरपालिका की आगामी पांच साल की राजनीतिक दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। अब सबकी निगाहें आज होने वाले मतदान और परिणाम पर टिकी हैं-कौन बनेगा पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका का चेयरमैन, इसका फैसला आज होगा।

# अवैध शराब रोकथाम अभियान में तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक( निसं )।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये गये अवैध मादक पदार्थ व शराब की रोकथाम अभियान के तहत वृत्ताधिकारी निवाई रवि प्रकाश के सुपरविजन एवं निवाई थानाधिकारी घासीराम के नेतृत्व मे गठित थाना टीम का द्वारा निवाई क्षैत्र स्थित होण्डा शोरूम के पास कॉलोनी में जाने वाले रास्ते पर अवैध देशी शराब परिवहन करते हुए आरोपी सुरेन्द्र पुत्र गेन्दी लाल रैगर उम्र 30 साल निवासी कोहल्या थाना कोटखावदा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से 56 पव्वे अवैध देशी शराब जप्त किय गया है।

इसी प्रकार इस अभियान में मोर थाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मोर क्षेत्र के एलएनटी चौराहा पंवालिया रोड पर आरोपी लोकेश पुत्र महावीर माली उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं.12 कस्बा टोडारायसिंह के कब्जे से अवैध देशी सादा मदिरा के 55 पव्वे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

इसी क्रम में थाना निवाई सदर टीम ने आरोपी धर्मेन्द्र हाथीवाल पुत्र प्रभु रेगर उम्र 30 साल निवासी राहोली को अवैध देशी शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी शराब के 56 पव्वे जप्त किये गये। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## मनीष बहकवा राष्ट्रीय प्रवक्ता बने

**निवाई** (निसं)। अखिल भारतीय श्रम गौरव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश बैराठी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लल्लू लाल जांगिड़ ने सर्वसम्मति से कार्यकारणी का विस्तार करते हुए संगठन में बहकवा निवासी मनीष जांगिड़ को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया है। जिससे जांगिड़ ब्राह्मण समाज मे खुशी की लहर दोड़ गई। नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष बहकवा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वह संस्था द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए दृढ़ संकल्पित है एवं संस्था के उद्धेश्यों को आम जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# फर्जी नामांतरण कराने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज

**निवाई**(निसं)। कूटरचित दस्तावेज व फर्जी पटवारी रिपोर्ट के जरिए पैतृक खातेदारी जमीन का नामांतरण अपने नाम करवाने के मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निवाई के निर्देश पर पुलिस थाना निवाई में प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त मामले में मालियों का मोहल्ला निवासी प्रहलाद सैनी के पुत्र शंकरलाल सैनी ने रामा पुत्र गेन्दा, जगदीश पुत्र कंवरीलाल सैनी, कजोड़ पुत्र रामपाल, चैथमल पुत्र हजारी, कमलेश सैनी पुत्र हनुमान सैनी व रामकेश पुत्र लादू गुर्जर के विरुद्ध परिवाद पेश किया था। परिवादी के अनुसार उनके दादा गेन्दा माली के तीन पुत्र धन्ना, प्रहलाद व रामा एवं दो पुत्रियां कमला व पांची थीं। धन्ना पुत्र गेन्दा का 31 अगस्त 2016 को निरवसीयत निधन हो गया था, जिनकी संपत्ति में प्रार्थीगण का भी विधिक हक व कब्जा है। पुलिस ने बताया कि रामा पुत्र गेन्दा ने छल-कपट करते हुए 31 जुलाई 2024 को फर्जी शपथ पत्र तैयार किए, जिनमें अन्य वारिसों के नाम हटाकर खुद को धन्ना का एकमात्र वारिस दर्शाया। इसके बाद तत्कालीन पटवारी हलका जीतराम चैधरी से मिलीभगत करके अन्य आरोपी जगदीश, कजोड़, चौथमल, कमलेश व रामकेश के सहयोग से 23 अगस्त 2024 को फर्जी पटवारी रिपोर्ट तैयार करवाई गई। इसी आधार पर कस्बा निवाई में स्थित भूमि का वरासत नामांतरण स्वीकृत कराकर जमीन को अपने नाम दर्ज करवा ली गई। परिवादी को इस फर्जीवाड़े की जानकारी 5 जुलाई 2026 को उस वक्त लगी जब रामा ने उन्हें जमीन से बेदखल करने की धमकी दी।

# जंगल में दिखाया हौसला, 10 हाईक पूरी कर निमाज पहुंचे स्काउट-गाइड



**स्काउट गाइड प्रतिभागियों ने जंगल के घुमावदार रास्तों, प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को करीब से समझा।**

■ **लवकुश वाटिका से पपलाज माता क्षेत्र तक जंगल में रोमांच-स्काउट, गाइड, रोवर-रेंजर ने प्रकृति के बीच सीखे टीमवर्क और साहस के गुर**

**लालसोट**(निसं)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ लालसोट की ओर से आयोजित 10 किलोमीटर की जंगल हाईक में स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर ने उत्साह एवं साहस के साथ भाग लिया। राजेश पायलट राजकीय पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष पहाड़िया के नेतृत्व में करीब 40 सदस्यीय दल जंगल के चुनौतीपूर्ण रास्तों से होते हुए निमाज गांव पहुंचा। हाईक के दौरान दल लवकुश वाटिका, पपलाज माता क्षेत्र और घने जंगल से होकर गुजरा। प्रतिभागियों ने जंगल के घुमावदार रास्तों, प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को करीब से समझा। इस दौरान स्काउटिंग गतिविधियों के साथ सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ने, आपसी सहयोग और टीम भावना का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिला। 10 किलोमीटर की हाईक पूरी कर निमाज गांव पहुंचने पर स्थानीय निवासी ज्ञानचंद ने दल का गर्मजोशी से स्वागत किया और प्रतिभागियों की मेहमाननवाजी की। इस अवसर पर डॉ. सुभाष पहाड़िया ने ग्रामीणों के सहयोग और आतिथ्य के लिए आभार जताया। सम्मान स्वरूप ज्ञानचंद को स्काउटिंग स्कार्फ पहनाया गया। स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सहायक सचिव गौरव गोयल, संयुक्त सचिव निर्मला पारीक, यूथ समिति अध्यक्ष हर्ष शर्मा और उपाध्यक्ष शिवांश जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर मौजूद रहे।

# कोटपूतली में सभापति के लिए मतदान आज, उपसभापति का निर्वाचन कल

## कोटपुतली निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने निरीक्षण किया

■ **मतदान कक्ष में केवल सभापति/ उपसभापति पद के संबंधित अभ्यर्थी, निर्वाचित वार्ड पार्षद तथा मतदान प्रक्रिया के लिए नियुक्त लोक सेवक ही प्रवेश कर सकेंगे**

**कोटपूतली** (निसं)। नगर परिषद कोटपूतली के सभापति एवं उपसभापति निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल ने तहसीलदार रामधन गुर्जर, स्थानीय थानाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया, सुरक्षा, प्रवेश-निकास एवं यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नगर परिषद कोटपूतली के सभापति पद के लिए मतदान 21 सितंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर परिषद कार्यालय में होगा। मतदान के पश्चात मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। इसके बाद निर्वाचित सभापति को शपथ दिलाई जाएगी तथा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को नगर परिषद के सभी निर्वाचित सदस्यों की बैठक प्रातः 10 बजे आयोजित होगी। उपसभापति पद के लिए प्रातः 10 से 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। एक से अधिक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में नियमानुसार निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। आवश्यकता होने पर दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे के मध्य मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। मतदान कक्ष में केवल सभापति/उपसभापति पद के संबंधित अभ्यर्थी, निर्वाचित वार्ड पार्षद तथा मतदान प्रक्रिया के लिए नियुक्त लोक सेवक ही प्रवेश कर सकेंगे। निर्वाचित नगर परिषद सदस्यों को निर्वाचन के दौरान अपनी वैध पहचान संबंधी दस्तावेज एवं निर्वाचन प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक होगा रिटर्निंग अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित निर्वाचित नगर परिषद सदस्य ही सभापति एवं उपसभापति निर्वाचन में मतदाता के रूप में भाग ले सकेंगे। रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार ने नगर परिषद कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। मुख्य चौराहे से बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। इसके चलते बसों एवं अन्य वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। बस एवं अन्य वाहन दूसरी लाइन से अथवा पुलिया के ऊपर से आवागमन कर सकेंगे। अधिकारियों ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन के दौरान सुरक्षा, यातायात एवं प्रवेश-निकास व्यवस्था को प्रभावी रूप से बनाए रखा जाए। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें।